# सनबरी, क्रैनबर्न और पैकेनहम ट्रेन लाइनों को जोड़ना

METROTUNNEL



*पार्कविल ट्रेन स्टेशन - मेलबर्न विश्वविद्यालय और प्रमुख अस्पतालों के निकट।*

1981 में सिटी लूप खुलने के बाद से लेकर मेलबर्न के ट्रेन नेटवर्क में मेट्रो टनल सबसे बड़ा अपग्रेड है।

इससे महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुँचना आसान बन जाएगा, जिनमें शामिल हैं:

- सेंट किल्डा रोड (एँज़ैक स्टेशन से होकर)
- मेलबर्न विश्वविद्यालय और प्रमुख अस्पताल (पार्कविल स्टेशन से होकर)।

सनबरी, क्रैनबर्न और पैकेनहम लाइन मेट्रो टनल और इसके नए ट्रेन स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

अन्य ट्रेन लाइनों के यात्री मेट्रो टनल स्टेशनों पर पहुँचने के लिए ट्रेन बदल सकते हैं।

## मेट्रो टनल मेलबर्न के ट्रेन नेटवर्क को बदल रही है

यदि आप सनबरी, क्रैनबर्न या पैकेनहम लाइन पर ट्रेन लेते/ती हैं, तो 2025 में मेट्रो टनल खुलने पर आपकी यात्रा बदल जाएगी।

इन लाइनों की ट्रेनें मेलबर्न सीबीडी के नीचे नई रेल टनल से होकर गुजरेंगी।

ये पांच नए भूमिगत ट्रेन स्टेशनों पर रुकेंगी।

सनबरी, क्रैनबर्न और पैकेनहम लाइनों की ट्रेनें अब सिटी लूप से होकर नहीं जाएँगी।

यदि आप किसी सिटी लूप स्टेशन पर जाना चाहते/ती हैं, तो आप दो नए स्टेशनों - टाउन हॉल और स्टेट लाइब्रेरी पर - फ्लिंडर्स स्ट्रीट स्टेशन या मेलबर्न सेंट्रल स्टेशन के लिए ट्रेन बदल सकते/ती हैं।

मेट्रो टनल में ट्रेनें एक नई प्रणाली के तहत काम करेंगी, जिससे उन्हें एक-दूसरे से और भी कम समय पर यात्रा करने की अनुमति मिलेगी। इसका मतलब है कि इन लाइनों पर और अधिक ट्रेनें उपलब्ध होंगी।

मेट्रो टनल के खुलने पर आप मेलबर्न के नए हिस्सों के लिए ट्रेन ले सकेंगे/गी, जिसमें पार्कविल और सेंट किल्डा रोड शामिल हैं। इसका मतलब है कि बहुत से लोगों के लिए कार्यस्थल, स्कूल, विश्वविद्यालय या अस्पतालों के लिए आना-जाना आसान बन जाएगा।

---

**अपडेट्स के लिए साइन अप करें**
metrotunnel.vic.gov.au/subscribe


VICTORIA'S BIG BUILD

# मेट्रो टनल मुझे कहाँ ले जाएगी?

हमने मेलबर्न के नीचे **9 किमी लंबी रेल टनलों** और तीन नए ट्रेन स्टेशनों का निर्माण पूरा कर लिया है।

इस साल हम दो अन्य ट्रेन स्टेशनों का निर्माण पूरा कर लेंगे।

हम ट्रेनों और नई तकनीकी का परीक्षण कर रहे हैं। हम मेट्रो टनल के खुलने से पहले ड्राइवरों और स्टेशन स्टाफ को प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। इसमें कई महीने लगेंगे।




## मेलबर्न के गहरे नीचे

मेट्रो टनल सिटी लूप और यार्रा नदी के **नीचे से गुजरते हुए सड़क के स्तर से 40 मीटर** तक गहरी जाती है।

# बेहतर कनेक्शन

### स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बेहतर पहुँच

मेट्रो टनल में पार्कविल में एक नया भूमिगत ट्रेन स्टेशन शामिल है।

इससे अस्पताल के कर्मियों, रोगियों और आगंतुकों को रॉयल मेलबर्न व रॉयल वुमेन्स अस्पतालों और पीटर मैककैलम कैंसर सेंटर पहुँचने में आसानी होगी।

सनबरी, क्रैनबर्न और पैकेनहम लाइनों पर कई स्थलों में अनेक अन्य अस्पताल स्थित हैं, जहाँ पहुँचना अधिक आसान हो जाएगा।

### शिक्षा के लिए बेहतर पहुँच

मेट्रो टनल से विद्यार्थियों व कर्मियों के लिए मेलबर्न के विश्वविद्यालयों, टेफ और स्कूलों तक पहुँचना अधिक आसान बन जाएगा।

मेलबर्न विश्वविद्यालय के 170 सालों के इतिहास में पहली बार इसके बाहर एक ट्रेन स्टेशन स्थित होगा।

सनबरी, क्रैनबर्न और पैकेनहम लाइनों पर कई स्थलों में अनेक तृतीयक और टेफ कोर्सेज़ स्थित हैं, जहाँ पहुँचना अधिक आसान हो जाएगा।

सनबरी से क्रैनबर्न/पैकेनहम लाइन पर किसी ट्रेन स्टेशन से 10 मिनट की पैदल दूरी पर और भी अधिक स्कूल स्थित होंगे।

### कार्यस्थलों तक बेहतर पहुँच

मेट्रो टनल में सेंट किल्डा रोड पर स्थित एक नया भूमिगत ट्रेन स्टेशन शामिल है। इससे सेंट किल्डा रोड पर स्थित कई कार्यस्थलों तक पहुँचना अधिक आसान हो जाएगा।

सनबरी, क्रैनबर्न और पैकेनहम ट्रेन लाइनें ऐसे कई स्थानों पर जाती हैं, जहाँ बहुत सी नौकरियाँ स्थित हैं - इनमें सनशाइन, फुटस्क्रे, पार्कविल और क्लेटन शामिल हैं।

ये आपको आरएमआईटी, विलियम ऍंग्लिस इंस्टीट्यूट और चिशोम इंस्टीट्यूट में स्थित कुशलताएँ एवं रोजगार केंद्रों में भी ले जा सकती हैं।

ये केंद्र लोगों को प्रशिक्षण और रोजगार खोजने में सहायता देते हैं।

### आकर्षणों के लिए बेहतर कनेक्शन

मेट्रो टनल मेलबर्न के उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व को साथ जोड़ेगी।

इससे लोगों के लिए पूरे शहर-भर में स्थित पार्कों, खेल व मनोरंजन स्थलों, शॉपिंग सेंटरों और बाज़ारों जैसे लोकप्रिय स्थानों पर जाना अधिक आसान हो जाएगा।

## कुंजी (लेजेंड)

- अस्पताल
- उच्चतर शिक्षा
- नौकरियाँ
- आकर्षण

**St Albans**
- Victoria University St Albans Campus

**Ginifer**
- Sunshine Hospital
- Joan Kirner Women's and Childrens Hospital

**Sunshine**
- Victoria University Sunshine Campus
- Jobs hub

**West Footscray**
- Footscray Hospital
- Western Private Hospital

**Footscray**
- *New Footscray Hospital opening in 2025*
- Victoria University Footscray Park and Nicholson Street Campus
- Jobs hub
- Footscray Market

**Arden**
- Holmesglen North Melbourne Campus

**Parkville**
- Royal Melbourne Hospital
- Royal Women's Hospital
- Royal Children's Hospital
- Peter MacCallum Cancer Centre
- University of Melbourne
- Jobs hub
- Lygon Street Little Italy

**State Library**
- RMIT University
- Institute of Health and Nursing Australia
- RMIT Skills and Jobs Centre
- William Angliss Institute Skills and Jobs Centre
- State Library Victoria
- Melbourne City Baths
- Queen Victoria Market

**Town Hall**
- Box Hill Institute
- Holmesglen City Campus
- Box Hill Institute Skills and Jobs Centre
- Melbourne Town Hall
- Federation Square
- National Gallery of Victoria

**Anzac**
- The Alfred Hospital
- University of Melbourne Southbank Campus
- Albert Park
- Shrine of Remembrance
- Sidney Myer Music Bowl
- Royal Botanic Gardens

**Malvern**
- Caulfield Park

**Caulfield**
- Monash University Caulfield Campus
- Caulfield Racecourse

**Oakleigh**
- Chadstone Shopping Centre

**Huntingdale**
- Monash University Clayton Campus
- John Monash Science School

**Clayton**
- Monash Medical Centre
- Monash Children's Hospital
- Jobs hub

**Sandown Park**
- Sandown Racecourse

**Dandenong**
- Dandenong Hospital
- Angel Institute of Education
- Chisholm Institute Skills and Jobs Centre
- Dandenong Market

**Lynbrook**
- Banjo Patterson Park

**Narre Warren**
- Bunjil Place
- Fountain Gate Shopping Centre

**Berwick**
- Casey Hospital
- St John of God Hospital
- Federation University Berwick Campus
- Chisholm Institute Berwick



*कॉफील्ड से डैंडेनॉन्ग रेल अपग्रेडों के हिस्से के रूप में कार्नेजी स्टेशन को मेट्रो टनल की तैयारी में अपग्रेड किया गया था।*

# सनबरी और क्रैनबर्न/पैकेनहम ट्रेन लाइनों में अपग्रेड

## मेट्रो टनल के हिस्से के रूप में सनबरी, क्रैनबर्न और पैकेनहम लाइनों को अपग्रेड किया गया है, ताकि बेहतर सेवाएँ उपलब्ध हो सकें।

हमने सनबरी लाइन पर स्थित स्टेशनों में प्लेटफॉर्मों को लंबा बनाया है और पावर को अपग्रेड किया है।

इसका मतलब है कि मेट्रो टनल से गुजरने वाली नई, बड़ी ट्रेनें इनका उपयोग कर सकेंगी।

हमने सनबरी, क्रैनबर्न और पैकेनहम लाइनों के कुछ हिस्सों पर ट्रेनों को चलाने के लिए एक नई प्रणाली इंस्टॉल की है, ताकि वे एक-दूसरे से और कम समय पर चल सकें।

इन तीनों लाइनों पर स्थित सभी लेवल क्रॉसिंग्स को 2025 के अंत तक हटा दिया जाएगा।

हमने क्रैनबर्न लाइन पर नए ट्रेन स्टेशन भी निर्मित किए हैं।

## बेहतर सुलभता

नए मेट्रो टनल स्टेशन व्हीलचेयर्स के उपयोगकर्ताओं या गतिशीलता से जुड़ी समस्याओं से ग्रस्त लोगों के लिए सुलभ होंगे।

स्टेशनों पर लिफ्ट, हियरिंग लूप्स, दृष्टि-बाधित (कमज़ोर नज़र वाले) लोगों के लिए ज़मीन पर उभरे हुए चिह्न, माता-पिता कक्ष और वयस्कों के लिए कपड़े बदलने के स्थान (सुलभ शौचालय) उपलब्ध होंगे।



और अधिक जानकारी प्राप्त करें

**metrotunnel.vic.gov.au**

1800 105 105 (किसी भी समय कॉल करें)

अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं के लिए कृपया (03) 9209 0147 पर कॉल करें।

यदि आप इस जानकारी को सुलभ प्रारूप में प्राप्त करने के इच्छुक हैं, तो कृपया हमसे संपर्क करें। यदि आपको सुनने या बोलने की क्षमता में कमी के कारण सहायता की आवश्यकता है, तो relayservice.gov.au पर जाएँ।

VICTORIA State Government

3072